DAINIK BIHAR PATRIKA

# दैनिक बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना, मंगलवार, 06 फरवरी,2024 | पटना से प्रकाशित | संपादक - कृष्णा टेकड़ीवाल | मूल्य- ₹ 1 | पेज- 2 | वर्ष 3 | dainikbiharpatrika.com

**सुविचार**

"जितना कठिन संघर्ष होगा,
जीत उतनी ही शानदार होगी।"

# गला दबाकर विवाहिता की हत्या, मायके वालों ने लगाया आरोप

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन



**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत बौंसी प्रखंड के बंधुवाकुरावा थानाक्षेत्र अन्तर्गत पलार गांव में दहेज के लिए विवाहिता बीना देवी उम्र 21 वर्ष की गला दबाकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें मृतका की मां गाजो देवी ने ससुराल वाले सहित अन्य सात लोगों के ऊपर हत्या का आरोप लगाकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार विवाहिता की मां ने थाने में दिये आवेदन में कहा है कि उनकी बेटी बीना कुमारी की शादी लगभग 2 वर्ष पहले मनोज पंडा, पिता दुर्गा पंडा, ग्राम पलार, थाना-बन्धुआकुरावा जिला बांका के साथ किया था। एक साल तक मेरी बेटी ठीक से अपने ससुराल में रह रही थी उसके बाद मेरी बेटी से उसके ससुराल वाले दहेज के रूप में पांच लाख रुपए की मांग की जा रही थी तब मेरी बेटी बोली कि मेरे पिता गरीब है पैसा हमलोग नहीं दे सकते हैं तभी उसके ससुराल वाले मनोज पंडा पिता- दुर्गा पंडा, नरेंद्र पंडा पिता- दुर्गा पंडा, मीना देवी पति- दुर्गा पंडा, रूपेश पंडा पिता- दुर्गा पंडा, रंजू देवी पति- नागेंद्र पंडा, दिलीप पंडा सभी पलार थाना बंधुआकुरावा जिला बांका ने मिलकर दिनांक 2/2/2024 को रात में मेरी बेटी के साथ मारपीट गाली-गलौज किया और उसके गले में गमछा लपेटकर उसे जान से मार दिया है। जिनसे 1 वर्षीय दूधमुही पुत्री मीनाक्षी कुमारी का रो- रोकर बुरा हाल है। इस कांड में नीपू कुमार पिता- दिलीप पंडा घर चिलकारा थाना- बंधुआकुरावा जिला बांका को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। साथ ही मृतक की मां गाजो देवी उम्र 45 वर्ष पति अजय राय ग्राम सिमरीकुंड थाना फुल्लीडुमर जिला बांका ने ससुराल वालों सहित सात लोगों को आरोपी बनाते हुए उन पर थाने में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर पति और ससुराल वालों का कहना है कि बीना देवी ने आत्महत्या की है। घटना के बाद गांव में भी तरह-तरह की चचाएं हैं। इधर आरोप- प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। विवाहित की बेटी मीनाक्षी जो मात्र एक वर्ष की है वह अपने मां को खोज रही है और लोगों का दिल दहल रहा है। मालूम हो कि फुल्लीडुमर थानाक्षेत्र के सिमरी कुंडा निवासी अजय राय की पुत्री की शादी 2 वर्ष पूर्व पलार गांव के मनोज पंडा के साथ हुई थी, दोनों से 1 साल की पुत्री मीनाक्षी भी है। मृत विवाहिता के भाई ने बताया कि शनिवार की रात 12 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने पुत्री की आत्महत्या की सूचना फोन पर दी थी। जबकि इससे तीन-चार घंटा पूर्व लड़की की मां ने फोन पर पुत्री से बात भी की थी। ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि पति-पत्नी के विवाद में आकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मायके वालों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। जिसकी शिकायत उसकी पुत्री उनसे किया करती थी। इस घटना के बाद मृतका की एक वर्षीय पुत्री की परवरिश कैसे होगी इसकी चिंता दोनों पक्ष के लोगों को सता रही है।

## हल्की बारिश से बढ़ी ठंड, दलहन व तिलहन फसल को हुआ फायदा

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की सुबह से रुक-रुककर हो रही हल्की बारिश ने एक बार फिर ठंड बढ़ा दी है। पिछले दो दिनों से धूप निकलने से ठंड का एहसास कम हो गया था तथा लोग राहत महसूस कर रहे थे। लेकिन बारिश होने के बाद लोग फिर से गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हो गए हैं। इधर छिटपुट बारिश से दलहन एवं तिलहन फसल को फायदा हुआ है हालांकि गेहूं को कोई खास फायदा नहीं हुआ। किसान सलाहकार मुरारी कुमार ने बताया कि दलहन एवं तिलहन फसल में पानी की बहुत ज्यादा जरूरत नहीं होती है, लेकिन हल्की बारिश से फसल को काफी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि गेहूं फसल को अधिक मात्रा में पानी की जरूरत होती है, इस बारिश से गेहूं को विशेष फायदा नहीं मिल सका।

## सन्हौला: धानुक संवाद चौपाल कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत कहलगांव विधानसभा क्षेत्र के सन्हौला बाजार में धानुक संवाद चौपाल की संजीव कुमार मंडल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल के निधन पर शोकसभा करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए दो मिनट मौन रखा। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल का निधन से अपूर्णीय क्षति हुई। धानुक संवाद चौपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि ब्रह्मानंद मंडल एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे और वे समता पार्टी के संस्थापक सदस्य में से एक थे और तीन बार मुंगेर से सांसद चुने गए थे। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई। बैठक में स्वजाति लोगों के उत्थान के लिए जनसंवाद अभियान चलाकर जाति एकता पर चर्चा किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक अपना समाज आपसी तालमेल, जाग्रति एवं शिक्षित नहीं होने के कारण अपना समाज को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ एवं हक से वंचित रह जाते हैं। धानुक संवाद चौपाल की यह जनसंवाद कार्यक्रम अपना समाज के हक की है। यह हमारे वजूद एवं पहचान कि है। हम सबको संगठित होकर अपनी एकता की सूत्र से बंधे रहना। हमलोग आपस के छोटी- छोटी वाद- विवाद को भूलकर एक होने की जरूरत है। 20 फरवरी को धानुक सम्मेलन पटना और 25 फरवरी को नालंदा में धानुक सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा लोग जाने पर चर्चा हुई। इस मौके पर जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मनोहर मंडल, पुर्व मुखिया शिवदानी पटेल, पूर्व मुखिया ओमप्रकाश मंडल, पर्व पंचायत समिति सदस्य अर्जुन मंडल, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार मंडल, अनिल मंडल, डा0 मनोज मंडल, सेवानिर्वित प्रखंड विकास पदाधिकारी गंगा मंडल, नवीन राय, संजय मंडल, शरद मंडल, डा0 गजेंद्र मंडल, नागेश्वर मंडल, पंकज मंडल, नागेश्वर सिंह धानुक, कैलाश मंडल, जलधर मंडल, बालमुकुंद मंडल, महेश मंडल, जनार्धन मंडल, सिंटू मंडल, बरूण मंडल, सुनील मंडल, सुबालक मंडल, गणेश मंडल, गंगा मंडल सहित दर्जनों धानुक संवाद चौपाल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऑटो व बाइक की टक्कर में भाई व बहन घायल

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**खगड़िया।** सदर प्रखंड के आवास वोर्ड के समपी ऑटो व बाइक की टक्कर में भाई व बहन सोमवार को घायल हो गए। घायल मानसी थाना क्षेत्र के छोटी बलहा गांव निवासी बलराम महतो का पुत्र राजा कुमार व पुत्री चांदनी कुमारी बताया जा रहा है। घायल के परिजनों ने बताया कि चांदनी इंटर की परीक्षा देकर भाई के साथ बाइक से घर जा रही थी। वहीं आवास बोर्ड के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक को ठोक दिया। जिसमें भाई व बहन घायल हो गई। वहीं स्थानीय लोगों ने आनन फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल लाया।

## कड़ी मेहनत और अभ्यास से लिखी जाती है सफलता की कहानी: बरुण कुमार चौधरी

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**बांका। बिहार।** जीवन में आगे बढ़ने के लिए नए रास्तों को अंगीकार करने की आवश्यकता होती है, सफलता के लिए सतत प्रयास और नियमित अभ्यास की जरूरत होती है। अच्छी योजना बनाकर हम सफलता रूपी इमारत की अच्छी नींव तैयार कर सकते हैं। उक्त बातें बांका जिलांतर्गत रजौन प्रखंड सिंहनान पंचायत के विज्ञान स्पेशलिस्ट शिक्षक बरुण कुमार चौधरी ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरान अपने आवास पर कही। साथ ही उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने वालों के आलोचक हजारों होते हैं। नए प्रयास करने वाले और नवाचारों का उपहास उड़ाने वालों की संख्या अनंत होती है लेकिन जो सफल होते है वह चुनौतियों को पार करके ही सफल होते है। लहरों के डर से जो किनारे में बैठे रह जाते है, वह कभी भी नदी पार नहीं कर पाते। जिन्हें सफलता से डर लगता है, वह पर्वत पर कैसे चढ़ पाएंगे इसलिए अपने डर पर जीत जरूरी है। जहां से डर समाप्त होता है जीत की कहानी का लेखन वहीं से प्रारंभ हो जाता है। साथ ही श्री चौधरी ने कहा कि संघर्ष और सफलता की यात्रा में तनाव के क्षण भी आते है। सकारात्मक सोच और अटूट विश्वास के बल पर हम नकारात्मकता को पराजित कर सकते है। प्रतिस्पर्धा के दौर में समय अनमोल है। समय की पहचान करके जिसने सही फैसला लिया, समय ने उसका साथ दिया।

## पूर्व मुखिया पर रुपए छीन लेने की शिकायत



दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

बेलदौर। बेलदौर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजय शर्मा एवं उनकी दूसरी पत्नी पूर्व मुखिया कुमारी बेबी रानी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए आवेदक ने मारपीट कर नगद जेब से पांच हजार रुपऐ निकाल लेने सहित कई तरह के आरोप लगाया है। घटना शनिवार की संध्या की बताई जा रही है। आवेदक संजीत कुमार के मुताबिक वह एक निजी यात्री वाहन में कंडक्टर के पद पर कार्यरत है। घटना के समय पूर्व मुखिया मेरे वाहन से खगड़िया से बेलदौर आकर यात्री भाड़ा मांगने से नाराज हो घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही मामले में आगे की कार्रवाई होगी।

## मारपीट की घटना में अधेड़ हुआ घायल

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**खगड़िया।** जिले के अलौली थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट में एक अधेड़ घायल हो गया। घायल अलौली थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार बताया गया। घायल ने बताया कि घर के बगल में दो पक्षों के बीच मारपीट हो रहा था। वहीं हम एक पक्ष ने मेरे हाथ में लाठी देखकर मुझसे मांगने आया। नहीं देने पर मेरे लाठी छीन कर उसे ही लाठी से मारने लगा। जिससे वह घायल हो गया। वहीं घायल को परिजनों ने इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल लाया।

## चार बाइकर को किया गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**खगड़िया।** आरपीएफ खगड़िया के निरीक्षक प्रभारी अरविंद कुमार राम ने सोमवार को सर्कुलेटिंग एरिया में अभियान चलाकर कुल चार बाइकर्स को नो पार्किंग एरिया में अनधिकृत रूप से बाइक पार्क किए जाने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चारों बाइकर्स के विरुद्ध आरपीएफ खगड़िया में मामला दर्ज कर न्यायालय रेलवे खगड़िया में पेश किया गया। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह, रणवीर कुमार, आरक्षी विक्रम कुमार आजाद, सज्जन कुमार व रजनीश कुमार वर्मा भी शामिल थे।

## अंतिम संस्कार करने गया पुत्र नदी में लापता

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**गोगरी।** गोगरी थाना अंतर्गत गंगा घाट पर अपनी मां का अंतिम संस्कार करने गए 38 वर्षीय पुत्र स्नान करने नदी में लापता हो गया। घटना सोमवार की है। थाना क्षेत्र के गोगरी के रहनेवाले महिंद्र चौधरी की धर्म पत्नी की निधन होने पर उनका गोगरी गंगा घाट पर अंतिम संस्कार करने स्थानीय दर्जनों लोग गए थे। अंतिम संस्कार के बाद जब गंगा में स्नान करने सभी लोग गए। स्नान के दौरान मृतका के 38 वर्षीय पुत्र सोमर चौधरी नदी की तेज धारा में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही गोगरी पुलिस मौके पर पहुंची। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

# खगड़िया: बिहार की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और पलायन है: प्रशांत किशोर




दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सोमवार को जिले के बाजार समिति मैदान सन्हौली में प्रेस वार्ता की। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि अभी तक 17 महीनों में मैं बिहार के 4500 गांवों में पैदल चला हूं। इतना चलकर मैंने पाया कि बिहार की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और पलायन है। पदयात्रा कर हमने इन दोनों समस्याओं की विकरालता, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को जाना। सामान्यत: हम जानते हैं कि पलायन गरीबों की समस्या है, पदयात्रा के दौरान हमने अनुभव किया कि बिहार में पलायन से कोई परिवार अछूता नहीं है। गरीब परिवार के लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी करने के लिए पलायन कर रहे हैं और जो समृद्ध परिवार हैं, वो पढ़ाई और नौकरी करने के लिए दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। बाहर हर व्यक्ति को जाना है, बिहार में शायद ही कोई परिवार है जिसमें पति-पत्नी, बच्चे साथ में रह रहे हैं। पलायन की वजह से बिहार में परिवार की संकल्पना ही धूमिल पड़ती जा रही है। लोग ये मानकर चल रहे हैं परिवार में जो पुरुष वर्ग हैं उसे साल में 10, 11 महीने परिवार से अलग ही रहना पड़ेगा। इसकी विकरालता का आलम ये है कि ज्यादातर गांवों में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे मिलते हैं। गांवों में नवयुवकों की संख्या काफी कम हो गई है।

### बेरोजगारी ने हर वर्ग को किया प्रभावित: प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने कहा कि जिन पंचायतों में बाढ़ का प्रकोप है वहां 60 से 70 फीसदी युवा दूसरे राज्यों में रह रहे हैं। जिन पंचायतों में बाढ़ का खतरा नहीं है वहां भी 40 से 50 फीसदी युवा बाहर रह रहे हैं। बेरोजगारी यहां बहुत है, ये बात सब लोग जानते हैं, बेरोजगारी सिर्फ एक वर्ग, एक समाज की समस्या नहीं है। समाज में जो समृद्ध लोग हैं उनके लिए भी बेरोजगारी की समस्या बहुत बड़ी है। मैं रास्ते में चलता हूं तो ऐसे लोग मिलते हैं जिनके पास 10, 20 बीघा जमीन है, रोजी रोजगार है, छोटा-मोटा व्यापार करते हैं, वे लोग भी आकर 20-25 हजार रुपए की नौकरी के लिए हाथ पैर जोड़ने के लिए तैयार हैं। बेरोजगारी और पलायन यहां की सबसे बड़ी सर्वस्पर्शी और समाज के हर वर्ग को प्रभावित करने वाला मुद्दा दिखा।

## बकाया पैसा मांगने पर युवक को पीटा, शिकायत



दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**गोगरी |** थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरौन गांव में एक युवक के साथ मारपीट कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। मामले में खगेश यादव द्वारा गोगरी थाना में आवेदन देकर कहा गया है कि वे अपना बकाया रुपए लेने वाल्मिकी शर्मा के यहां गया तो महेश शर्मा ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर शराब पी रहे थे। उसी समय उन लोगों द्वारा मुझे बुलाया गया और कहा कि तुमलोग मेरे विपक्षी भाई वाल्मिकी शर्मा के यहां क्यों आते हो और सभी मिलकर मुझे लाठी-डंडा से पीटने लगे। घायलावस्था में अस्पताल ले जाने के बाद इलाज किया गया और सिर पर 5 टांक लगे हैं। पीड़ित ने कहा कि आरोपियों द्वारा शराब का कारोबार भी किया जाता है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## इंटर परीक्षा के 5वें दिन दोनों पालियों में 18169 छात्र शामिल, 315 रहे अनुपस्थित

दैनिक बिहार पत्रिका, खगड़िया

खगड़िया में एक फरवरी से आयोजित इंटरमीडिएट 2024 की परीक्षा के पांचवें दिन सोमवार को प्रथम पाली में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अंग्रेजी विषय और दूसरे पाली में कला संकाय की हिंदी विषय की परीक्षा ली गई। इस दौरान दोनों पालियों में 18169 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी एवं 315 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में विभिन्न केंद्रों पर 10837 परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर परीक्षा दी। जबकि 130 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 7332 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 185 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सोमवार दोनों पाली की परीक्षा में एक भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया। कथाचार मुक्त परीक्षा के लिए विभिन्न केंद्रों पर अधिकारी तैनात रहे एवं उड़नदस्ता टीम घूम-घूम कर संचालित परीक्षा का निरीक्षण करती रही। परीक्षा के दौरान प्रथम पाली के परीक्षा संपन्न होने और द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों के केंद्र तक पहुंचने के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों के समीप भीड़ में कारण जाम लग गई। जिसे प्रतिनियुक्त पुलिस बल द्वारा हटाया गया। परीक्षा को लेकर शहर में लग रहे जाम से आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## बिहार किसान मंच की बैठक कल, तैयारी पूरी

**खगड़िया।** खेतो मे कही बिजली नहीं पहुंचा है। आज भी डीजल पंप पर किसान आश्रित है। राजयकीय नलकूप चौपट होने से किसानो को कोई सिचाई का साधन नहीं है। वही जिला प्रसाशन भूमि विवाद उत्पन्न कर भूमि परिमार्जन मे व्यापक धांधली उत्पन्न कर दिया है जिससे किसान खासे परेशान है। बिहार किसान मंच के मीडिया प्रभारी चंदन कुमार ने को कहा कि समीक्षा बैठक तथा भावी आंदोलन को लेकर बिहार किसान मंच का बैठक 7 फरवरी को सन्हौली दुर्गा स्थान खगड़िया में रखा गया है।

## कृषि कनेक्शन को लेकर बिजली शिविर आज

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**खगड़िया।** जिले के मानसी प्रखंड अन्तर्गत पश्चिमी ठाठा पंचायत भवन में 6 फरवरी को किसानों को कनेक्शन के लिए बिजली कैंप लगाया जाएगा। जेई विकास कुमार सिंह ने कहा कि इच्छुक किसान कैंप में अपना आवेदन करेंगे। वही सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित शिविर में 10 किसानों द्वारा कनेक्शन के लिए आवेदन देने की बात उन्होंने कही।

# गांव चलो अभियान कार्यशाला के तहत बैठक आयोजित



दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** गांव चलो अभियान कार्यशाला के तहत बौंसी नगर पंचायत अंतर्गत स्थित छपोलिका धर्मशाला में सोमवार को नगर अध्यक्ष मनमीत साह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कार्यशाला में सभी पदाधिकारियों को 24 घंटे का प्रवास करने को लेकर दिनांक और प्रवास स्थान तय कर प्रवास करने का निर्देश जिलाध्यक्ष के द्वारा दिया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताई। आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा, विधानसभा संयोजक पुरुषोत्तम ठाकुर, विधानसभा विस्तारक अरुण हांसदा, निवर्तमान प्रदेश मंत्री सुमन सौरभ मौर्य, भुनकी झा, नगर उपाध्यक्ष हेमकांत झा, गांव चलो अभियान के संयोजक सह मंत्री बुलो प्रसाद यादव, सह-संयोजक सह उपाध्यक्ष पंकज मांझी, सह-संयोजक सह उपाध्यक्ष श्रीकांत यादव, पिंटु पाठक, राकेश ठाकुर, रंजीत मांझी, राणा प्रताप सिंह, धनश्याम पासवान, नरेश राय, किशोर साह, राजा साह, पंकज झा, मंगेश, रमेश साह, किशन कुमार, शैलेश सौरभ, मंटू झा, गुड्डु झा, दीपक मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सक्षमता परीक्षा का शिक्षकों ने पत्र जलाकर किया विरोध



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर के बीआरसी भरको परिसर में सोमवार की शाम में शिक्षक एकता मंच बिहार के आवाह्न पर प्रखंड के नियोजित शिक्षकों ने पत्र जलाकर विरोध किया। नियोजित शिक्षकों ने कहा कि बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 23 के विरोध में तथा सक्षमता परीक्षा में तीन प्रयास में असफल होने पर सेवा से हटाने के विरोध में शिक्षकों ने पत्र जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने कहा कि नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति विभिन्न चरणों में 2003 से 2022 तक हुई है। अब सक्षमता परीक्षा लेकर लाखों शिक्षकों को सेवा से हटाने की साजिश रची जा रही है। शिक्षक एकता मंच इसका भरपूर विरोध करता है। शिक्षकों ने बताया कि 10 फरवरी को सभी जिला मुख्यालयों पर मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रकट किया जाएगा तथा 13 फरवरी से बजट सत्र के दौरान विधानमंडल का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा। विरोध प्रदर्शन में प्रकाश सिंह, योगेन्द्र दास, धनंजय रजक, धर्मेंद्र कुमार, आनंद किशोर, अंगद मंडल समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# भाजपा चली गांव की ओर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा,बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर के शोभानपुर पंचायत अंतर्गत किशनपुर गांव के ठाकुरबाड़ी में सोमवार को भाजपा चली गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शक्ति केंद्र पर मंडल समिति एवं बूथ समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के पूर्वी मंडल अध्यक्ष निहाल रंजन ने की तथा बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी नीलम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इस मौके पर वक्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा इसे आमलोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में काफी तेजी से विकास हो रहा है तथा भारत का नाम आज विश्व में काफी सम्मान के साथ लिया जा रहा है। देश हर क्षेत्र में अपनी सफलता का झंडा बुलंद कर रहा है। इस बार देश में भाजपा चार सौ से ज्यादा सीटें जीतेगी। इस मौके पर मनोज कुमार सिंह, सुनील कुमार, राणा प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार, कृष्णदेव मंडल, निरंजन कुमार, राजकुमार कापरी, मुकेश सिंह, राहुल कुमार, आकाश भारद्वाज, प्रकाश मंडल आदि उपस्थित थे।

# इंटर परीक्षा में एक परीक्षार्थी निष्कासित, गर्भवती परीक्षार्थी अस्पताल में भर्ती

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर के पांच परीक्षा केंद्रों पर चल रही इंटर की परीक्षा में नकल करने के आरोप में एक परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया जबकि एक गर्भवती परीक्षार्थी की तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीएमएस हाई स्कूल शाहपुर परीक्षा केंद्र पर बाराहाट के कमलपुर के परीक्षार्थी ब्रजेश कुमार को प्रथम पाली की परीक्षा में वीक्षक ने नकल करते पकड़ा। वीक्षक ने इसकी शिकायत केंद्राधीक्षक से की तथा उसे परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। इधर उच्च माध्यमिक विद्यालय मेढियानाथ केंद्र पर दूसरी पाली की परीक्षा में एक गर्भवती परीक्षार्थी धोरैया थानाक्षेत्र के सगुनिया गांव के नीतीश कुमार की पत्नी श्वेता कुमारी की तबियत अचानक बिगड़ गई। इसकी जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने एंबुलेंस को फोनकर बुलाया तथा बीमार परीक्षार्थी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर अन्य परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की पुख्ता व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा चल रही है।

# शिक्षा, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती





दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

माता सरस्वती को संगीत, साहित्य कला की देवी माना जाता है। वीणा संगीत की, पुस्तक शिक्षा की और वाहन (हंस) कला की अभिव्यक्ति मानी जाती है। माता सरस्वती को शिक्षा की देवी माना गया है। अत: भारत भर की शिक्षा संस्थाओं में वसंत पंचमी को सरस्वती का जन्मदिन समारोह बडी हर्षोल्लास से मनाया जाता है। माता सरस्वती के एक मुख, चार हाथ हैं। मुस्कान से उल्लास, दो हाथों में वीणा कलात्मकता की प्रतीक है तथा पुस्तक से ज्ञान का बोध होता है। वाहन राजहंस सौन्दर्य एवं सु- मधुर स्वर का प्रतीक है। भारत में कोई भी शैक्षणिक कार्य के पहले इनकी भक्तिभाव से पूजा की जाती हैं। महाकवि कालिदास, वरदराजाचार्य, वोपदेव आदि मंदबुद्धि के लोग सरस्वती जी की उपासना करके उच्च कोटि के विद्वान बने थे। माता सरस्वती की पूजा करने के लिये वसंत पंचमी ही क्यों उपायुक्त दिन है, उसके पीछे एक पौराणिक कथा है की इनकी सबसे पहले पूजा श्रीकृष्ण और ब्रह्माजी ने ही की है। देवी सरस्वती श्री कृष्ण को देखकर मोहित हो गई और पति के रूप में पाने की इच्छा करने लगीं। भगवान कृष्ण को इस बात का पता चला तो उन्होंने कहा कि वे तो राधा के प्रति समर्पित हैं, परंतु सरस्वती को प्रसन्न करने के लिए उन्होंने वरदान दिया कि प्रत्येक विद्या की इच्छा रखनेवाला माघ मास की शुक्ल पंचमी को आपका पूजन करेगा। यह वरदान देने के बाद स्वयं श्री कृष्ण ने पहले देवी की पूजा की। वसंत पंचमी का अवसर इस देवी को पूजने के लिए पूरे वर्ष में सबसे उपयुक्त माना जाता है।

# बौंसी: सेवानिवृत्ति विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन







दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** शिक्षा विभाग प्रखंड इकाई बौंसी के द्वारा प्रखंड बीआरसी भवन परिसर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो0 ईशा एवं केआरपी साक्षरता बौंसी पवन कुमार सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह एवं नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आमोद कुमार का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम सर्वप्रथम कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान से शुरुआत की गई। स्वागत गान एवं विदाई गान सुहागिन मुर्मू, रुपा कुमारी, मरुति मुर्मू, शीला टुडू, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी, रेणु कुमारी, सबरी कुमारी एवं रेखा कुमारी के द्वारा प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद ईशा केआरपी साक्षरता बौंसी पवन कुमार सिंह एवं नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमोद कुमार को शिक्षा विभाग प्रखंड इकाई बौंसी सहित शिक्षा सेवक तालिमी मरकज के द्वारा बुके, अंग- वस्त्र, उपहार देकर एवं माला पहनकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजौन कुमार पंकज, बीआरपी बौंसी पप्पू मिश्रा, दिलीप कुमार साह, जयशंकर भगत, चंद्रशेखर आजाद, अशोक कुमार यादव, ममता कुमारी, लेखा सहायक बीआरसी बौंसी सुनीता कुमारी, अमित कुमार सिन्हा, उत्तम झा, दिलीप झा, रविन्द्र यादव, शिक्षा सेवक तालिमी मरकज बबलू रजक, पप्पू कुमार रजक, विकास कुमार विक्की, मुन्ना रजक, नौशाद अंसारी, बजरंगी, ललन ठाकुर, मोहम्मद अब्दुल, फिरोज अंसारी, कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन ललित टुडू सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

# लोजपा लोकसभा प्रभारी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** लोजपा (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय द्वारा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अमर सिंह कुशवाहा एवं भागलपुर संगठन प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश भगत को लोकसभा प्रभारी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर किया है। भागलपुर जिले के लोजपा संयोजक सुबोध पासवान ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर अमर सिंह कुशवाहा को जमुई तथा सुरेश भगत को खगड़िया लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिससे लोजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है। इस मौके पर जिला संयोजक श्री पासवान ने कहा कि इनके लोकसभा प्रभारी बनाये जाने पर संगठन को मजबूती तो मिलेगी ही, साथ ही साथ आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को काफी फायदा मिलेगा। इस मौके पर लोजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी और दोनों लोकसभा प्रभारी को बधाई दी है। इस दौरान प्रदेश सचिव पीयूष पासवान, सौरभ तिवारी, अक्षय आनंद मोदी, महिला जिलाध्यक्ष अंशु प्रियंका मिश्रा, बबली बर्मा, मंजू शर्मा, मंजू सिंह, गुड़िया दुबे, महिला नगर अध्यक्ष रुबी मिश्रा, सचिन पासवान, परमजीत कुमार, दुर्गेश कुमार, राजू पासवान, मुरारी पासवान, मुकेश कुमार, आशीष कुमार, जयराम कुमार सहित दर्जनों लोजपा कार्यकर्त्ता शामिल थे।

# लापता जवान राहुल की तलाश करने वालों को पुलिस देगी इनाम

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**मुंगेर।** जिलांतर्गत कोतवाली थानाक्षेत्र से बीते 4 सितंबर से लापता हुए पुलिस जवान राहुल कुमार को मुंगेर पुलिस खोजते- खोजते अब थक चुकी है। इसके बाद लापता पुलिस जवान को सुरक्षित तरीके से खोजने के लिए मुंगेर पुलिस के द्वारा आमलोगों का अब सहारा लिया जा रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा मुंगेर में विभिन्न जगहों पर लापता पुलिस जवान का पोस्टर चिपकाकर आमलोगों से उसके बारे में सूचना देने की बात कही गई है। इस मामले में मुंगेर पुलिस के द्वारा लापता पुलिस जवान राहुल कुमार के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखने के साथ उसे इनाम देने की बात कही है। कोतवाली थानाध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय ने बताया कि मुंगेर में क्यूआरटी पुलिस जवान राहुल कुमार जो पूर्णिया जिलांतर्गत सदर इलाका क्षेत्र के पिंक सिटी रामबाग मोड़ वार्ड संख्या- 31 निवासी गोपाल प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र है। वह मुंगेर में पदस्थापित था और अचानक 4 सितंबर की संध्या से ही लापता है।

## क्या कहते हैं थानाध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय

हमलोग लगातार उनकी तलाश में हैं। रेलवे को भी इसकी जानकारी देने के साथ आरपीएफ और जीआरपी से सहयोग मांगा है। रेलवे परिसर में भी पर्चा जारी किया गया है। अब आमलोगों की जानकारी के लिए जिला में पर्चा जारी कर सहयोग लिया जा रहा है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सही पता सूचना पर पुष्टि होने के बाद उन्हें उचित इनाम दिया जाएगा।




# अमरपुर में महिला मुखिया से मांगी दो लाख रुपए रंगदारी

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर प्रखंड क्षेत्र गोरगामा पंचायत की मुखिया ने दो लाख रुपए रंगदारी मांगने की शिकायत पुलिस से की है। गोरगामा पंचायत की मुखिया पूनम देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि पंचायत के रानीकित्ता गांव में पीसीसी सड़क एवं पक्का नाले के निर्माण कार्य को देख रहीं थीं, इस दौरान गांव के ही बबलू झा आदि वहां पंहुचे तथा गाली- गलौज करने लगे। साथ ही काम बंद करने या काम के एवज में दो लाख रुपए रंगदारी देने की बात कही। मुखिया ने कहा कि रुपए नहीं देने पर गोली मारने की भी धमकी दी है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

## रुपए नहीं देने पर गोली मारने की भी धमकी दी